प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मेक–इन–इंडिया राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य घटक है और इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति और प्रतिक्रिया दोनों को पुनः डिज़ाइन और परिभाषित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब जब भी पाकिस्तान के साथ बातचीत होगी तो वह केवल आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही होगी। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने महसूस किया है कि आतंकवाद का व्यापार चलाना लागत–कुशल नहीं है क्योंकि उसे भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई का श्रेय स्वदेशी रक्षा प्रणालियों को दिया।

वन आवरण

राज्य सरकार ने वन आवरण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ग्रीन एडॉप्शन योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत वन विभाग निजी उद्यमियों के साथ पांच वर्ष की अवधि के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगा। इसका उद्देश्य वन भूमि पर पौधरोपण कर वन क्षेत्र को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस वित्त वर्ष के बजट भाषण में इस योजना का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में स्थानीय लोगों का सहयोग भी लिया जाएगा।

रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के चालू वित्त वर्ष में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान व्यक्त किया है। बैंक की आज जारी वार्षिक रिपोर्ट में घरेलू खपत में वृद्धि, मजबूत बैंक, कॉर्पोरेट बैलेंस शीट और निरंतर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय से विकास को बढ़ावा मिलने का अनुमान है। अच्छे मॉनसून, वस्तुओं की कम कीमतों और बेहतर आपूर्ति श्रृंखलाओं की सहायता से मुद्रा स्फीति में कमी आने की संभावना है। देश के निर्यात को वैश्विक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन व्यापार सौदे जोखिमों की भरपाई कर सकते हैं। विनिर्माण और निर्माण का विस्तार होने से नौकरियों और मांग में वृद्धि होगी।

महाराणा प्रताप

आज महाराणा प्रताप की जयंती है। वर्ष 1576 में हुए हल्दी घाटी के युद्ध के दौरान दिखाई गई वीरता के लिए महाराणा प्रताप को विशेष रूप से याद किया जाता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया और कभी हार नहीं मानी।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने देश और समाज के लिए एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में कार्य किया।

प्रतिनिधिमंडल

भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में भारत का एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब के दौरे पर है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से सऊदी अरब को अवगत कराने और आतंकवाद का मुकाबला करने में निरंतर सहयोग के लिए विदेश मामलों के राज्यमंत्री अदेलअल–जुबेर से मुलाकात की। भारतीय प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवादी कृत्यों को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त ना करने की भारतीय नीति का स्पष्ट उल्लेख किया। प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब द्वारा पहलगाम हमले की निंदा करने के लिए आभार व्यक्त किया और आतंकवाद से निपटने में समन्वित वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता को उजागर किया।

आयुष –योग दिवस

आगामी 21 जून को दुनिया भर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जो मंत्रालयों, संस्थानों और नागरिकों को समग्र स्वास्थ्य के प्रति साझा प्रतिबद्धता में जोड़ता है। उन्होंने सरकार के समग्र दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर नागरिक तक योग पहुंचाने के दृष्टिकोण को साकार किया जा सके।

———————————————————